>

Title: Need to expedite laying of railway line between Maharajganj and Mashrakh in Bihar.

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार) : बिहार प्रान्त का महाराजगंज, जहाँ सिवान जिले का प्रमुख व्यवसायिक केन्द्र है, वहीं मशरक सारण जिले का प्रमुख व्यवसायिक केन्द्र है। अंग्रेजी हुकुमत के समय छपरा से जो रेल लाईन निकली थी, उसका अंतिम छोर मशरक ही हुआ करता था। स्वतंत्रता के बाद उसका गोरखपुर तक विस्तार किया गया। दूसरी तरफ छपरा से गोरखपुर वाया एकमा दुरौंदा, रेल लाईन जाती है, जिसके मध्य में दुरौंदा से मात्र 6 कि0मी0 की दूरी पर महाराजगंज अनुमंडल मुख्यालय अवस्थित है। दूरौंदा से महराजगंज रेल लाईन चालू है, परन्तु बीच की दूरी जो महराजगंज से मशरक की है, नहीं जुटने के कारण व्यवसाय पर बहुत बुरा असर पड़ रहा है। इस रेल लाईन के चालू हो जाने से सारण जिला का मशरक एवं सिवाल जिला का महाराजगंज प्रमुख व्यवसायिक केन्द्र आपस में जुड जायेगा। महाराजगंज - मशरक रेल लाईन चालू होने से जहाँ व्यवसाय की बढ़ोतरी होगी वहीं ग्रामीण इलाके के लोगों को भी आवागमन में काफी सुविधा होगी। ज्ञातव्य हो कि पूर्व में इस रेल लाईन का शिलान्यास किया जा चुका है, परन्तु अभी तक राशि आवंटित नहीं होने से इस रेल लाईन का कार्य प्रारम्भ नहीं किया जा सका है।

अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सरकार द्वारा स्वीकृत महाराजगंज - मशरक रेल लाई न का कार्य शीध्र प्रारम्भ करने हेतु राशि आवंटन की मांग करता हू।